आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 15.07.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर राज्य की विभिन्न विकास योजनाओं व कुंभ मेला तथा नंदा राजजात तैयारी के लिए लगभग पांच हजार करोड़ स्वीकृत करने का अनुरोध किया।
- कांवड़ यात्रा के पहले चार दिनों में पचास लाख से अधिक शिवभक्त हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने गंतव्यों को रवाना।
- ड्रैगन अंतरिक्ष यान की सफल अनडॉकिंग के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अपने तीन साथी सदस्यों के साथ पृथ्वी की वापसी यात्रा पर; आज शाम प्रशांत महासागर में उतरने की उम्मीद।
- मुख्यमंत्री ने राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए समेकित प्रयास करने पर जोर दिया।

<u>भेंट/अनुरोध</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर उत्तराखण्ड के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने केंद्र सरकार के सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि राज्य विकसित भारत 2047 के विजन में अपनी प्रभावी भूमिका निभाने को तत्पर है।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2026 में प्रस्तावित नंदा राजजात यात्रा के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित करते हुए यात्रा की अवस्थापना सुविधाओं के लिए 400 करोड़ रुपये की मांग की। उन्होंने 2027 के महाकुंभ की तैयारियों के लिए तीन हजार 500 करोड़ की सहायता, ऋषिकेश और हरिद्वार में विद्युत लाइनों को भूमिगत करने के लिए एक हजार 15 करोड़ की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को मंजूरी देने और चौरासी कुटिया पुनरुद्धार योजना को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से अनुमोदित कराने का अनुरोध भी किया।

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार, ऋषिकेश और चम्पावत में गंगा व शारदा कॉरिडोर विकास के लिए सीएसआर के माध्यम से वित्त पोषण की मांग की। साथ ही, उधमसिंह नगर के नेपा फार्म को सेमी कंडक्टर हब के रूप में विकसित करने, रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम को हरिद्वार तक विस्तार देने और टनकपुर–बागेश्वर तथा ऋषिकेश–उत्तरकाशी रेल परियोजनाओं में मार्ग निर्माण का प्रावधान जोड़ने का अनुरोध किया।

प्रधानमंत्री ने चारधाम यात्रा, आदि कैलाश यात्रा, नंदा राजजात यात्रा, हरिद्वार कुंभ और जल जीवन मिशन की प्रगति की जानकारी ली और राज्य को केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## कांवड़ यात्रा

श्रावण मास के प्रसिद्ध कांवड़ मेले के पहले चार दिनों में हरिद्वार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। प्रशासन के अनुसार अब तक करीब 50 लाख कांवड़िए हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने गंतव्यों को रवाना हुए हैं। सावन के पहले सोमवार पर कल हरिद्वार पूरी तरह शिवभक्ति में डूबा नजर आया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम 6 बजे तक 25 लाख श्रद्धालु गंगाजल भरकर अपने गंतव्यों की ओर रवाना हुए। वहीं, कांवड़ मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी दुरस्त की गई है। गंगा में डूब रहे 19 कांवड़ियों में से 18 को एसडीआरएफ ने सकुशल रेस्क्यू किया, जबकि एक कांवड़िया अब भी लापता है। सोमवार को भीड़ में खोए हुए 24 लोगों में से 17 को पुलिस ने परिजनों से मिलाया।

कांवड़ियों की भारी भीड़ के बावजूद हरिद्वार जिले में यातायात व्यवस्था सामान्य है।

इस बीच, हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कांवड़ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने और नियमों का पालन करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि पैदल यात्री केवल निर्धारित रूट और नहर पटरी का ही प्रयोग करें और अपने साथ पहचान पत्र अवश्य रखें। वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें तथा उस पर यात्रियों की सूची और यात्रा विवरण चिपकाएं।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव/उच्च न्यायालय

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने दो मतदाता सूची में नाम वाले लोगों को पंचायत चुनाव में वोट देने और चुनाव लड़ने की अनुमति देने वाले राज्य निर्वाचन आयोग के सर्कुलर पर लगाई गई रोक को बरकरार रखा है। इस रोक को हटाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने न्यायालय में याचिका दी थी। आयोग ने मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ से सर्कुलर पर लगी रोक हटाने की अपील की। लेकिन न्यायालय ने स्पष्ट कि या कि ग्यारह जुलाई का आदेश उत्तराखंड पंचायत राज अधिनियम के अनुसार है। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि चुनाव पर कोई रोक नहीं लगाई गई है और न ही इस बारे में कोई याचिका दायर हुई थी। याचिका सिर्फ 6 जुलाई को जारी उस सर्कुलर के खिलाफ थी, जो पंचायत राज अधिनियम के खिलाफ है और जिस पर रोक लगाई गई है।

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

देहरादून मिलिट्री स्टेशन में मानसून के मौसम में फैलने वाली बीमारियों को लेकर आज एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कर्नल आलोक गुप्ता ने मलेरिया, डेंगू, डायरिया, हेपेटाइटिस, टाइफाइड, फूड पॉइजनिंग और त्वचा रोग जैसे मानसून जनित रोगों की जानकारी दी और इनसे बचाव के उपायों को विस्तार से समझाया। प्रतिभागियों ने प्रश्नोत्तर सत्र में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान एक क्विज प्रतियोगिता और स्वास्थ्य प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें मानसून से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम संबंधी जानकारियां प्रदर्शित की गईं।

इस कार्यक्रम में कुल 285 लोगों ने भाग लिया, जिनमें अधिकारी, जेसीओ, अन्य रैंक और परिवारजन शामिल थे।

<u>एक्सिओम–4</u>

एक्सिओम–4 मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके तीन अन्य सहयोगी पृथ्वी की वापसी यात्रा में हैं।

स्पेसएक्स कंपनी ने कहा है कि क्रू कैप्सूल ड्रैगन, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से कल करीब पौने पांच बजे अलग हो गया है। अंतरिक्ष यान आज दोपहर बाद लगभग तीन बजे कैलिफ़ोर्निया तट पर उतरेगा।

<u>शिक्षा सुधार</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए समेकित प्रयास करने पर जोर दिया है। शिक्षा विभाग की वर्चुअल समीक्षा बैठक में उन्होंने पहली, छठी और नवीं कक्षा में विद्यार्थियों के अधिक से आधिक प्रवेश के लिए प्रवेशोत्सव को प्रभावी ढंग से संचालित करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और बालिकाओं के ड्रॉपआउट को रोकने तथा उन्हें फिर से शिक्षा से जोड़ने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने को कहा। उन्होंने स्कूलों में छात्र–छात्राओं को समय पर किताबें, नोटबुक और पोशाक उपलब्ध कराने, अनुपयोगी परिसंपत्तियों का सदुपयोग करने तथा बालिकाओं के लिए शौचालय और सेनेटरी पैड की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा।

मुख्यमंत्री ने स्कूलों में कला, रंगमंच, खेलकूद जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने, 'फिट इंडिया' के प्रति बच्चों को जागरूक करने और परीक्षा प्रणाली में सुधार पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने शिक्षकों के रिक्त पद जल्द भरने के निर्देश दिए।

<u>समीक्ष बैठक</u>

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने देहरादून में सचिव स्तर की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और सभी विभागों को विभिन्न योजनाओं और कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों की उन सभी बड़ी परियोजनाओं की जानकारी तैयार की जाए जिनका शीघ्र लोकार्पण या शिलान्यास प्रस्तावित है।

मुख्य सचिव ने केंद्र सरकार से साझा किए जाने वाले विभागीय प्रकरणों की स्थिति रिपोर्ट तैयार कर समय पर प्रेषित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने–अपने कार्यों के आउटपुट संकेतक निर्धारित करें और यह भी आकलन करें कि नई तकनीक या नवाचार से कार्यों में कितना सुधार हुआ है। सभी सचिवों को अपने विभागीय कार्यों की कार्ययोजना बनाकर अनुमोदन कराने और जहां संभव हो वहां कार्बन क्रेडिट का लाभ लेने की संभावनाएं तलाशने के भी निर्देश दिए गए।

वाईब्रेंट विलेज

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत सीमांत क्षेत्रों में आजीविका संवर्द्धन और बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़ी दीर्घकालिक महत्व की परियोजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि सीमांत गांवों के समग्र विकास के लिए वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का प्रभावी ढंग से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर विकसित करने पर जोर दिया। साथ ही, सीमांत क्षेत्रों में आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पर्यटन विकास से जुड़ी महत्वाकांक्षी योजनाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता भी जताई।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

प्रदेश में पंचायत चुनाव की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण समाचार पत्र का शीर्षक है—पंचायतों पर संशय खत्म; चुनाव चिन्ह आवंटन शुरू, हाई कोर्ट में सुनवाई के बाद निर्वाचन आयोग ने जारी किया आदेश। हिंदुस्तान समाचार पत्र ने न्यायालय की ख़बर पर लिखा है— पंचायत चुनावः दोहरी मतदाता सूची वाले सर्कुलर पर रोक बरकरार।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की नई दिल्ली में मुलाकात के समाचार को दैनिक जागरण, अमर उजाला, राष्ट्रीय सहारा, नवोदय टाइम्स सहित लगभग सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है। अमर उजला का शीर्षक है— नंदा राजजात यात्रा, अर्द्धकुंभ, विद्युत लाइनों के लिए मांगे 4 हजार 915 करोड़।

उच्चतम न्यायालय की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर की गई टिप्पणी के समाचार पर दैनिक जागरण ने लिखा है— अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर इंटरनेट मीडिया में कुछ भी नहीं कर सकते पोस्ट। इसी समाचार पर अमर उजाला का शीर्षक है— सोशल मीडिया पर विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाना जरूरी।